## न्यूज डायरी



### ओली का भविष्य तय करने वाली सत्ताधारी पार्टी की बैठक रविवार तक स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक को प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व प्रमुख पुष्पा कमल दहल के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट को अधिक समय देने के लिए रविवार तक पांचवीं बार स्थगित कर दिया गया था। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (राकांपा) के नेताओं – केपी शर्मा ओली, पुष्पा कमल दहल और माधव कुमार नेपाल ने 17 जुलाई को केंद्रीय स्थायी समिति की बैठक आयोजित करने का फैसला किया था। सूत्रों के अनुसार, तीनों नेताओं – केपी शर्मा ओली, पुष्पा कमल दहल और माधव कुमार नेपाल ने केंद्रीय स्थायी समिति की बैठक को स्थगित नहीं करने का फैसला किया था। हालांकि, शुक्रवार को सुबह 11 बजे यह बैठक होनी थी, लेकिन यह स्थगित हो गई है और 3 बजे से समय निर्धारित किया गया। अब जहां 3 बजे भी वह बैठक नहीं होगी और इसे रविवार तक स्थगित कर दिया गया।

### रूस ने किया था वैक्सीन डेटा चोरी का प्रयास, ब्रिटेन का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जेम्स ब्रोकन शायर (श्रंउमे ठतवामदेीपतम) ने शुक्रवार को कहा रूसी हैकर्स द्वारा कोविड–19 वैक्सीन का डेटा चोरी करने के प्रयास का अपराध अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि रूस के इस प्रयास से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सिक्योरिटी सेंटर (ठतपजंपद छंजपवदंस ब्लइमत ैमबनतपजल ब्मदजतम, छब्ैब्) ने गुरुवार को बताया कि रूस समर्थित हैकरों ने दुनिया भर के अकेडमिक और फर्माक्यूटिकल संस्थानों से कोविड–19 वैक्सीन और इसके इलाज से जुड़े शोधों के डेटा को चुराने की कोशिश की। ब्रिटेन के नेशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर ने कहा है कि रूस के हैकर्स उन संगठनों को निशाना बना रहे हैं, जो कोरोना वायरस की वैक्सीन विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि रूस ने लंदन के आरोपों को खारिज किया है।

### इजराइल में कोरोना को देखते हुए वीकेंड लॉकडाउन लगाने का लिया गया निर्णय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेरूसलम। इजराइल में कोरोना के कहर को देखते हुए सप्ताहांत लॉकडाउन लगाने की तैयारी जोरों पर है। कैबिनट में देशव्यापी सप्ताहांत लाकडाउन लगाने पर योजना बनाई गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा गुरुवार को बुलाई गई मंत्रियों और स्वास्थ्य अधिकारियों की एक तत्काल बैठक में सप्ताहांत लॉकडाउन सहित कई उपायों को लागू करने का निर्णय लिया गया। इजरायली कैबिनेट को नए उपायों को मंजूरी देने के लिए बाद में बुलाई जाने की उम्मीद है। वहीं अगर इसकी मंजूरी मिली तो शॉपिंग मॉल, जिम और समुद्र तट बंद हो जाएंगे, जबकि सप्ताहांत से लेकर रविवार सुबह तक 10 से अधिक लोगों का जमावड़ा प्रतिबंधित रहेगा। हर सात दिनों में गंभीर मामलों की संख्या में दोगुनी वृद्धि के बाद प्रधानमंत्री ने तत्काल बैठक बुलाई थी।

### कोरोना से बचाएगा बेशकीमती सच्चे मोतियों का मास्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो में कोरोना वायरस को लेकर चिंता कायम है। ऐसे में यहां कि एक मशहूर डिजाइन को कुछ फन–क्रिएटिविटी करने का आइडिया आया। उन्होंने बना डाला बेशकीमती सच्चे मोतियों से बना डिजाइनर मास्क जिसकी खूबसूरती बेमिसाल है। इस मास्क की कीमत 1 मिलियन येन यानी 7 लाख रुपये से भी ज्यादा है। रीको कवनिशी की कंपनी तब शुरू हुई जब उनके पिता यह काम करते थे और उन्होंने तोक्यो में 35 साल से सजावट का सामान बनाया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को रीको ने बताया है, मैं ऐसे प्रॉडक्ट्स बनाना चाहती हूं जो जापान के मीरियल पर फोकस करें। इसलिए मैं ऐसी ऐक्सेसरी बनती हूं जिसमें मोती हो।मैंने कोरोना की वजह से एक फन मास्क बनाने का प्लान बनाया। सच्चे मोतियों के एक मास्क को बनाने में 3 दिन लगते हैं। इसके लिए अलग–अलग साइज के 310 असली मोतियों को एक मास्क में पिरोया जाता है।

# चीन को लेकर नरम पड़े राष्ट्रपति ट्रंप के तेवर

**बदले सुर**

## भारत की तरह चीन के नागरिकों से भी प्यार

■ शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं ट्रंप

■ट्रंप प्रशासन चीन के खिलाफ भारत के समर्थन में सामने आया



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। चीन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अंदर नाटकीय बदलाव आया है। चीन को हर मंच पर आक्रामक कहने वाले ट्रंप ने कहा कि भारत–चीन के लोगों की भलाई और शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले कई हफ्तों से ट्रंप प्रशासन चीन के खिलाफ भारत के समर्थन में सामने आया है।

व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कायले मैकनी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन एक सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं भारत के लोगों से प्यार करता हूं और मैं चीन के लोगों से भी प्यार करता हूं। ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और चीन के अमन के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं।

**राष्ट्रपति ट्रंप के बदले-बदले सुरः** पिछले कई हफ्तों से ट्रंप प्रशासन चीन के खिलाफ भारत के समर्थन में सामने आया है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कायले मैकनी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन एक सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं भारत के लोगों से प्यार करता हूं और मैं चीन के लोगों से भी प्यार करता हूं।

ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और चीन के अमन के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं। उनका यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब पूर्वी लद्दाख मामले भारत–चीन के बीच तल्ख रिश्ते हैं। इसके बाद अमेरिका चीन की आक्रामकता पर लगातार हमला बोला है। यहां तक की अमेरिका ने कहा कि युद्ध के हालात में वह चीन के खिलाफ और भारत के साथ खड़ा है।

**अमेरिका ने भारत के साथ कई बार दोस्ती का दिया संदेशः** इस बयान के एक दिन पूर्व व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार लैरी कुडलो ने भारत को एक महान सहयोगी के रूप में वर्णित किया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के एक अच्छे मित्र हैं।

बुधवार को राज्य के सचिव माइक पोम्पिओ ने भारत–अमेरिका का एक बड़ा साझेदार कहा था। उन्होंने कहा कि भारत एक महान भागीदार रहा है। वे हमारे एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। मेरा अपना भारत के समकक्ष के साथ प्रगाढ़ रिश्ता है। पोम्पिओ ने कहा कि हाल में हम दोनों ने कई मुद्दों पर एक दूसरे से विस्तृत चर्चा की है। हम लोगों ने पूर्वी लद्दाख में हुए चीन सैन्य संघर्ष पर विस्तृत चर्चा की है।

## पाक के टीटीपी चीफ नूर वली वैश्विक आतंकी घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र/इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र ने आतंकी समूह तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रमुख नूर वली महसूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है। संरा सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अलकायदा प्रतिबंध समिति ने 42 वर्षीय महसूद को गुरुवार को प्रतिबंध सूची में डाला। अब इस पाकिस्तानी नागरिक की संपत्तियां कुर्क की जा सकेंगी, उस पर यात्रा प्रतिबंध लगाया जा सकता है और हथियार रखने पर रोक लगाई जा सकेगी।

प्रतिबंध समिति ने कहा कि महसूद को 'अलकायदा से संबंधित समूहों का समर्थन करने, उनकी आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण करने, योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के कारण इस सूची में डाला गया है।' महसूद जून 2018 में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के प्रमुख मौलाना फजलुल्लाह की मौत के बाद इस आतंकवादी संगठन का प्रमुख बना था। इस संगठन को अलकायदा से संबंध रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 29 जुलाई, 2011 को काली सूची में डाला था। प्रतिबंध समिति ने कहा, 'नूर वली के नेतृत्व में टीटीपी ने जुलाई 2019 में उत्तर वजीरिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमले समेत पूरे पाकिस्तान में कई भयावह आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया। अगस्त 2019 में खैबर पख्तूनख्वाह में पाक सैनिकों पर हुए बम हमले में भी उसी का हाथ था।'



**मंगल मिशन पर तेजी से काम कर रहा चीन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन अपने पहले मंगल मिशन को लेकर तेज से काम कर रहा है। मंगल मिशन तियानवेन–1 के लॉन्च में इस्तेमाल किया जाने वाले चौथे लॉन्ग मार्च –5 रॉकेट को दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के वेनचांग स्पेस लॉन्च सेंटर में लॉन्चिंग एरिया में लाया गया है। चाइना स्पेस स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, वाहक रॉकेटके लॉन्ग मार्च–5 वाई–4 नाम दिया गया है, जिसे जुलाई के अंत या अगस्त की शुरुआत में लॉन्च करने की योजना है। मई के अंत में वेनचांग में ले जाने के बाद अंतरिक्ष इंजीनियरों ने रॉकेट पर परीक्षण किया है। शुक्रवार सुबह लॉन्चिंग एरिया में बड़े रॉकेट को ले जाने में लगभग दो घंटे का समय लगा।

# जाधव से बिना सुरक्षा मिल ले भारतः पाकिस्तानी मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दावाः भारत की शर्तों पर तीसरा कॉन्सुलर ऐक्सेस दिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री साह महमूद कुरैशी ने शुक्रवार को कहा है कि पाकिस्तान भारत की शर्तों पर कुलभूषण यादव के लिए तीसरा कॉन्सुलर ऐक्सेस यानी राजनयिक पहुंच दे दी गई है। उन्होंने पहले एक टीवी चौनल से बातचीत के दौरान यह कहा था कि भारत अगर बिना सिक्योरिटी के जाधव से मिलना चाहता है तो मिल ले। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसकी आधिकारिक पेशकश भी कर दी गई है।

इससे पहले गुरुवार को एक गुप्त जेल में हुई मुलाकात के दौरान भारतीय राजनयिकों ने आरोप लगाया था कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें बातचीत नहीं करने दी।

कुरैशी ने शुक्रवार को एक टीवी चौनल से बातचीत में यह आरोप लगाया कि उसने बिना कांच और वीडियो रिकॉर्डिंग मुलाकात कराने की भारत की शर्तें मानीं फिर भी भारत ने बहाने बनाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर भारत बिना सिक्योरिटी के जाधव से मुलाकात करना चाहता है, तो तीसरी राजनयिक पहुंच में इसकी भी इजाजत दी जाएगी। उन्होंने यहां तक कहा, 'शबताएं कब मिलना चाहते हैं,




आज रात या फिर कल?' इसके बाद कुरैशी ने कहा कि भारत को तीसरी राजनयिक पहुंच के लिए मौखिक पेशकश कर दी गई है।

इससे पहले गुरुवार को कुरैशी ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत मुलाकात कराई लेकिन भारतीय अधिकारी जाधव की पुकार को अनसुना कर वहां से फरार हो गए।

## पापुआ न्यू गिनी में भीषण भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। प्रशांत महासागर में स्थित देश पापुआ न्यू गिनी में भीषण भूकंप आया है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 मापी गई है। बताया जा रहा है कि इस भूकंप का केंद्र वाउ कस्बे से 11.18 मील पूर्व–दक्षिण पूर्व में था। इस भीषण भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी दी गई है। समुद्र में विशाल लहरों के उठने की आशंका के बाद स्थानीय लोगों को सतर्क कर दिया गया है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप 85.2 किमी की गहराई में था। प्रशांत महासागर के सुनामी चेतावनी सेंटर ने शुरू में सुनामी की चेतावनी की जारी की लेकिन बाद में कुछ घंटे बीत जाने के बाद इसे वापस ले लिया। भूकंप में अभी किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप को देखते हुए पूरे देश में सतर्कता को बढ़ा दिया गया है। पापुआ न्यू गिनी में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इससे पहले फरवरी में भी भीषण भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 6.2 आंकी गई थी। हालांकि सुनामी की तत्काल कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।